फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री घीसा सिंह पिता संग्राम सिंह निवासी कुकरखेडा, तह0 भीम, जिला राजसमन्द

— अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम

— प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 47/2019**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 07.11.2019

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम द्वारा जरिये क्रमांक: सूचना/2019/1568–69 दिनांक 18.10.2019 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी को बिन्दु सं0 01 में ग्राम कुकरखेडा पटवार हल्का कुकरखेडा के नामा. सं. 1216 की प्रमाणित प्रति व बिन्दु सं0 02 में ग्राम कुकरखेडा पटवार हल्का कुकरखेडा के आ.नं. 3630/3463 के आस–पास का प्रमाणित नक्शा ट्रेस जरिये पत्रांक– सूचना/2019/1568–69 दिनांक 18.10.2019 के उपलब्ध करा दी गई हैं।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम के द्वारा अपीलार्थी को बिन्दु सं0 01 व 02 की वांछित सूचना जरिये डाक से प्रेषित किये जाने से अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द